<u>कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।</u>

संख्याः एम0ई0–3 / 2023 / लखनऊःदिनांक 03 अक्टूबर 2023

अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत दिनांक 26 सितम्बर 2023 नीट एम0डी0एस0 पाठ्यकम के अभ्यर्थियों को आयोजित काउंसिलिंग से आवंटित अभ्यर्थियों का आवंटन निरस्त किये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत दिनांक 26 सितम्बर 2023 को आयोजित काउंसिलिंग के माध्यम से नीट एम0डी0एस0 2020 बैच के 37 अभ्यर्थियों तथा नीट एम0डी0एस0 2019 बैच के 02 अभ्यर्थियों को सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर आवंटन प्रदान किया गया था।

डा0 मोहम्मद आमिर खान, नीट एम0डी0एस0 2020 बैच, के0जी0एम0यू0, लखनऊ, ऑल इण्डिया रैंक 275 द्वारा उक्त काउंसिलिंग में वास्तविक तथ्यों को छिपाते हुए भ्रामक अभिलेख (नीट एम0डी0एस0 50 प्रतिशत ऑल इण्डिया कोटा स्कोर कार्ड) प्रस्तुत कर अभिलेखों में अपनी ऑल इण्डिया रैंक 275 के स्थान पर 270 अंकित करते हुए के0जी0एम0यू0, लखनऊ के पेरियोडॉन्टोलॉजी विभाग में सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर आवंटन प्राप्त कर लिया गया है, जिस कारण उनसे उच्च रैंक के अभ्यर्थी को उनकी ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर सीट आवंटित नहीं की जा सकी थी।

उक्त वर्णित तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 26 सितम्बर 2023 को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सेवायोजित किये जाने हेतु एम0डी0एस0 बैच के अभ्यर्थियों हेतु आयोजित काउंसिलिंग से आवंटित समस्त अभ्यर्थियों का आवंटन एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

अतः इन अभ्यर्थियों को पुनः आवंटन प्रदान करने हेतु दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से महानिदेशालय के सभाकक्ष में पुनः काउंसिलिंग आहूत की गयी है, जिसमें दिनांक 26.9.2023 को आवंटन प्राप्त समस्त अभ्यर्थियों को सुसंगत अभिलेखों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

महानिदेशक

<u>संख्याः एम0ई0–3 / 2023 / 2407 तद्दिनांक /</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्रीजी, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्रीजी, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. कार्यकारी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, लखनऊ।
5. समस्त सदस्य, काउंसिलिंग बोर्ड, को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उक्त काउंसिलिग हेतु महानिदेशालय के सभाकक्ष में उपस्थित होने का कष्ट करें।
6. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0, लखनऊ / उ0प्र0आयुर्विज्ञान संस्थान, सैफई, इटावा / निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ / निदेशक, डा0रा0म0लो0आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ / प्रधानाचार्य, समस्त, राजकीय / स्वशासी मेडिकल कालेज, उ0प्र0 को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
7. नाजिर, चिकित्सा शिक्षा को इस निर्देश के साथ कि दिनांक 05.10.2023 को काउंसिलिंग हेतु आवश्यक व्यवस्थायें करना सुनिश्चित करें।
8. शिविर सहायक, महानिदेशक, कैम्प।

महानिदेशक